हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 31 अगस्त 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री


जिला पंचायत अध्यक्ष ने उठाया खाद की किल्लत का मुद्दा, जताई नाराजगी

4









## खबर संक्षेप

### अंडर 19 के क्रिकेट खिलाड़ियों का सिलेक्शन ट्रायल आज

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन सीएससीएस द्वारा सभी आयु वर्ग में सिलेक्शन ट्रायल लेने के निर्देश दिए गए हैं एवं इंटर डिस्ट्रिक्ट मेचो के आयोजन अक्टूबर माह से संभावित है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव पद्मेश शर्मा ने कहा कि जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर 19 के खिलाड़ियों का सिलेक्शन ट्रायल 31 अगस्त को सुबह 8 बजे से जांजगीर के हाई स्कूल मैदान पर रखा गया है। इस सिलेक्शन ट्रायल में अंडर 19 आयु वर्ग के खिलाड़ी आकर भाग ले सकते हैं। इस सिलेक्शन ट्रायल में भाग लेने के लिए जिला क्रिकेट एसोसिएशन में सभी खिलाड़ियों को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा, जिन खिलाड़ियों ने पूर्व में पंजीयन कराया होगा उन्हें अपने पंजीयन रिन्यू कराने होंगे, जिन खिलाड़ियों में अब तक रजिस्ट्रेशन नहीं किया है वे सीधे मैदान पर ही आकर रजिस्ट्रेशन सकते हैं। सक्ती जिले के भी खिलाड़ी सिलेक्शन ट्रायल में भाग ले सकते हैं।

### दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम का आज होगा शुभारंभ

**सक्ती।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत तैयार विशेष रेडियो कार्यक्रम "दीदी के गोठ" का शुभारंभ 31 अगस्त को दोपहर 12:15 बजे किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी रायपुर केंद्र सहित प्रदेश के सभी आकाशवाणी केंद्रों से एक साथ प्रसारित होगा। साथ ही इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध रहेगी।

### राहौद में पीएम मोदी की मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण आज

**राहौद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात मासिक कार्यक्रम का 125 वां एपिसोड 31 अगस्त रविवार को सुबह 11 बजे से टीवी चैनलों, रेडियो व यूट्यूब में प्रसारण होगा। इस दौरान पीएम मोदी देशवासियों को संबोधित करेंगे। मन की बात पामगढ़ मंडल प्रभारी डॉ. सुनील गुप्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि नगर पंचायत राहौद के पूर्व पार्षद राजकुमार यादव के निवास में मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण होगा। कार्यक्रम में भाजपा मंडल पामगढ़ के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सह-संयोजक, बूथ अध्यक्षों, बुथ पदाधिकारी व आम लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ की मासिक बैठक आज

**खरौद।** छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ की मासिक बैठक रविवार 31 अगस्त को दोपहर 12 बजे से पूर्व माध्यमिक शाला गांधी चौक शुकुल पारा में आयोजित की गई है। बैठक में तहसील पामगढ़ एवं शिवरीनारायण के प्रांतीय कार्यकारिणी में मनोनीत पेंशनर साथियों का एवं नवीन सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही संगठनात्मक गतिविधियों पर विशेष चर्चा की जाएगी। प्रांतीय निर्देशानुसार दो सुत्रीय मांगों को लेकर पोस्ट कार्ड लेखन अभियान एवं छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग द्वारा अतिरिक्त पेंशन हेतु आदेश में उल्लेखित नियमों से पेंशनरों को अवगत कराया जावेगा। नगर अध्यक्ष बेदराम यादव व रेशम लाल यादव ने पेंशनरों से उपस्थित होने अपील की है।

मंडरा रहा जान का खतरा, पूर्ण मरम्मत की दरकार

# दस साल में ही आरओबी जर्जर जगह-जगह पर हो रहा सुराख

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शास्त्री चौक अकलतरा का रेलवे ओवरब्रिज 10 साल में ही पूरी तरह जर्जर हो चुका है। इस अवधि में कई बार अलग अलग पेच की मरम्मत की जा चुकी है। इसके बावजूद आरओबी में जगह जगह पर दरार है और कई जगह पर सुराख भी हो चुका है। अबकी बार रेलवे ट्रेक के ऊपर से गुजरे हिस्से में सुराख हो गया। हालांकि रेलवे ने इसकी मरम्मत की, लेकिन अब पूरे आरओबी के मरम्मत की दरकार है।

अकलतरा में लोगों की सुविधा के लिए नगरवासियो की मांग पर रेलवे ओवर का काम 2005 में शुरू हुआ था। शास्त्री चौक से अग्रसेन नगर तक दस साल चले कार्य के बाद आरओबी का निर्माण पूर्ण हुआ। तत्कालीन मंत्री राजेश मूढ़त ने 4 जुलाई 2015 को आरओबी का उद्घाटन किया। लोगों को उम्मीद थी कि आरओबी से आवागमन सुगम होगा, लेकिन कुछ साल बाद ही परेशानी शुरू हो गई। हालांकि उद्धघाटन के पहले ही आरओबी की गुणवत्ता को लेकर सवाल भी उठने लगे थे। उद्घाटन के कुछ दिन पहले ही ब्रिज का एक सलेप टूट कर गिर गया था। आनन फानन में इसे दुरुस्त कर उद्घाटन कराया गया था। कुछ साल के बाद ही आरओबी में जगह जगह पर दरार आने लगी। पुल का सरिया भी निकलने लगा। कई बार अलग अलग तरह के मरम्मत कार्य भी हुए। अब हालात यह है कि पुल पर जगह जगह पर सुराख आने लगा है। भारी वाहनों की लगातार आवाजाही और जर्जर हो चुके पुल पर अब जान का जोखिम मंडराने लगा है। भारी वाहनों के पहिये से पुल पर सुराग होने लगा है। शुक्रवार की रात भी ऐसा ही कुछ हुआ। रेलवे ट्रेक के ठीक ऊपर से गुजरे ब्रिज के एक हिस्से की सलेप पर भारी वाहन के पहिये से एक बडा सुराख हो गया। पुल की कांक्रीट भरभरा कर गिर गई। शनिवार की सुबह लोगों की नजर इस पर पड़ी। विधायक राघवेंद्र सिंह और अन्य जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद अधिकारियो को इसकी जानकारी दी गई। दोपहर बाद रेलवे की टीम पहुंची और कोक्रिटिंग कर मरम्मत कार्य किया गया। पुल पूरी तरह जर्जर हो चुका है। समय समय पर अलग अलग हिस्सों में काम चलाऊ मरम्मत भी की गई है, लेकिन पुल के पूर्ण मरम्मत की दरकार है। जर्जर पुल पर आए दिन आ रहे सुराख से राहगीर डर डर कर सफर कर रहे हैं।





मरम्मत में जुटा अमला व पुल पर आया सुराख।

### वन वे हुआ मार्ग, दिनभर आवागमन में हुई दिक्कत

शुक्रवार की रात पुल पर सुराख आने के बाद शनिवार की सुबह से इस स्थान पर बेरिकेट लगा दी गई। शाम तक मरम्मत कार्य चला। इसके बाद इस स्थान को बेरिकेट्स से घेर दिया गया। ऐसे में पुल का यह हिस्सा पूरे दिन वन-वे रहा। बड़े वाहनों की आवाजाही में खासी दिक्कतों का सामना करन पड़ा। इधर आवागमन व्यवस्था बनाने पुलिस प्रशासन को भी पूरे दिन पसीना बहना पड़ा।

### तीन माह पहले भी हुआ था हादसा

आरओबी में तीन माह पहले भी एक बड़ा हादसा सामने आया था। एक ट्रक जर्जर पुल पर अनियंत्रित हो गया था। ट्रक पुल के रेलिंग में जाकर फंस गया था। इससे पुल की रेलिंग का एक बड़ा हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ था। पुल रेलिंग में नहीं फंसता तो सीधे नीचे सड़क पर जा गिरता, जिससे बड़ी जान-माल की हानि हो सकती थी। इसके अलावा भी पुल पर आए दिन छोटे-मोटे हादसे हो रहे है।

# मूर्ति पूजा का विरोध करते दो युवकों ने गणेश पंडाल में मचाया उत्पात

## चंद घंटे के भीतर दोनों आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

कुरदा गांव में गणेश उत्सव के दौरान दो युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। शराब के नशे में पहुंचे युवकों ने पंडाल में तोड़फोड़ करते हुए सामान फेंक दिए। समिति के सदस्यों से मारपीट भी की। धार्मिक भावनाओं आहत करते हुए दोनों ने मूर्ति पूजा का विरोध करते हुए हंगामा किया। पुलिस ने चंद घंटो के भीतर ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

कबीर चौक कुरदा में बने सार्वजनिक गणेश उत्सव पंडाल में शनिवार की सुबह गांव के ही मंजूलाल उर्फ़ राजेश बंजारे और वीरेंद्र बंजारे शराब के नशे में पहुंचे। दोनों युवकों ने जमकर हंगामा किया। पूजा सामग्री व ध्वनि विस्तारक यंत्र को फेंकते हुए गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि दोनों युवकों ने मूर्ति पूजा का विरोध करते हुए दुर्व्यवहार किया। जब वहां मौजूद समिति सदस्य अमर महंत और अन्य लोगों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो युवकों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान उन्होंने राजू महंत के साथ भी मारपीट की और उसके पैसे एवं गाड़ी लूट ली। गांव में माहौल तनावपूर्ण हो गया। सरपंच समेत समिति के सदस्यों ने चाम्पा थाना पहुंच कर मामले की शिकायत करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। धार्मिक भावनाओं को आहत करने की शिकायत पुलिस से की गई। सूचना पर पुलिस टीम गांव पहुंची और माहौल शांत कराया। पुलिस ने दोनों आरोपियों 26 वर्षीय मंजूलाल उर्फ़ राजेश बंजारे और 37 वर्षीय वीरेंद्र बंजारे को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को आहत करने समेत अन्य धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। गांव में सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात कर दी गई है।



गांव पहुंचकर स्थिति संभालती पुलिस टीम।

## पटाखे के अवैध भंडारण पर पुलिस ने की कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** जिले में अवैध फटाका की भंडारण एवं बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस द्वारा जांच व कार्रवाई शुरु कर दी गई है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय जांजगीर में अवैध भंडारित पटाखे जब्त कर पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। इस सबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की अकलतरा रोड में सागर खत्री द्वारा पटाखे का अवैध भंडारण किया गया है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। जांच के दौरान सागर खत्री के कब्जे से 2 कार्टून में रखे फटाखे जब्त किए गए। जब्त पटाखों की कीमत 8 हजार रुपए बताई जा रही है। कोतवाली पुलिस ने मामले में अवैध फटाखा रखने वाले आरोपी के विरुद्ध धारा 9 (ख) विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।



## हायर सेकेंड्री स्कूल में तीन साल बाद भी शिक्षकों का टोटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

जमगहन में बच्चों को हायर सेकेण्डरी की पढ़ाई कराने तीन साल पहले स्कूल खोली गई है। शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल खुलने के तीन साल बाद भी यहां शिक्षकों का टोटा बना हुआ है। शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत जमगहन में क्षेत्रीय विधायक रामकुमार यादव, जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा चंद्र प्रकाश खुंटे के प्रयास से 3 साल पहले बच्चों के लिए हायर सेकेंडरी स्कूल खुला है। यहां अभी भी विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी है। ऊपर से यहां पदस्थ सहायक शिक्षक कुमारी ज्योति बंजारे को वर्तमान में मालखरौदा के स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल हिंदी माध्यम में संलग्न करने के लिए आदेश जारी कर दिया गया है। जिसके चलते जमगहन में संचालित हायर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों का पढ़ाई बुरी तरीके से प्रभावित होगा। बता दे यहां बच्चों के लिए विज्ञान शिक्षक नहीं है, फलस्वरूप ज्योति बंजारे ही 9वीं, 10वीं व 11वीं की क्लास लेती है। ऐसे में इस स्कूल के विद्यार्थियों का विज्ञान विषय का पढ़ाई प्रभावित होगा है। इस बात की जानकारी गांव के सरपंच कुसुम खुंटे से लेकर शाला विकास समिति के अध्यक्ष यतेंद्र नाथ खुंटे तथा हायर सेकेंडरी स्कूल के सांसद प्रतिनिधि संजय चंद्रा को होने पर सभी ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर अटैचमेंट समाप्त किये जाने का मांग किया है।










## खबर संक्षेप

### एसटी और एससी वर्ग होगा परस्पर परिवर्तनशील

**कोरबा।** प्रयास बालक/कन्या आवासीय विद्यालय कोरबा में कक्षा 11 वीं में रिक्त 20 सीटों पर प्रवेश हेतु प्रवेश प्राक्चयन परीक्षा 24 अगस्त को आयोजित किया गया था। पेपर जांच पश्चात परीक्षा परिणाम, चयन सूची व प्रतीक्षा सूची जारी की गई है। जिसके पेज क्रमांक 10 में टीप में एसटी और जनरल बालिका का सीट रिक्त होने पर एसटी के मैरिट से बालिकाओं को लिया जाएगा ऐसा अंकित हुआ है। इस संबंध में कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रयास नियमावली 2020 के तहत बिन्दु क्रमांक 7 प्रवेश में आरक्षण के तहत एसटी और एससी वर्ग परस्पर परिवर्तनशील होगा। इसी तरह ओबीसी और जनरल परस्पर परिवर्तनशील होगा।

### मंगलवार- शुक्रवार को होगा शिशु संरक्षण माह

**कोरबा।** शिशु संरक्षण माह विटामिन ए अनुपूरण कार्यक्रम 29 अगस्त से 30 सितम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान शिशु स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गतिविधियों सफल संचालन व सेवाओं की प्रदायगी का सुदृढ़किरण किया जाएगा।
जिले में शिशु संरक्षरण माह वर्ष में दो बार 6 माह के अन्तराल में आयोजित किया जाता है जिसमें प्रत्येक मंगलवार तथा शुक्रवार को समस्त शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के ऑगनबाड़ी केन्द्रो/टीकाकरण केन्द्रों में निर्धारित सत्रों में 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए तथा 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आईएफए सीरप पिलाया जा रहा है। साथ ही एनीमिया स्क्रीनिंग कि जा रही है। टीकाकरण से छूटे हुए तथा नियमित टीकाकरण के लक्षित बच्चों को टीके लगाये जा रहे हैं।

### साडा कन्या विद्यालय को नृत्य में मिला प्रथम स्थान

**कोरबा।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के तत्वाधान में विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचानने उसे पोषित करने और शिक्षा में कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। साडा कन्या विद्यालय की छात्राओं ने नाटक तथा लोकनृत्य प्रतियोगिता में भाग लेकर शानदार प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही संभाग स्तर के लिए चयनित हुई है।

### चक्रधर समारोह में अश्वीका देंगी नृत्य की प्रस्तुति

**कोरबा।** रायगढ़ के प्रतिष्ठित



चक्रधर समारोह सुर-ताल छंद और घुंघरू के चालीस बरस पर (छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव) कोरबा जिला की कत्थक नृत्यांगना जिसका चयन चक्रधर समारोह 2025 में हुआ है। कोरबा शहर के लिए अत्यंत गर्व की बात है। भारत के विभिन्न राज्यो से आए हुए ख्यातिप्राप्त कलाकारो द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। उद्घाटन समारोह में प्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास की प्रस्तुति एवं समापन समारोह प्रसिद्ध गायक पद्म श्री कैलाश खेर की प्रस्तुति होगी। अश्वीका साव के लिए यह अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है। अश्वीका बचपन से ही कत्थक नृत्य में रुचि रखती है और कक्षा 7वीं डीपीएस एनटीपीसी का छात्रा है। अश्वीका ने अभी तक विभिन्न प्रतियोगिताओ, महोत्सवो, राष्ट्रीय पर्व में भाग ले चुकी है जिसमें प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त कर चुकी है। रायगढ़ के प्रतिष्ठित चक्रधर समारोह में 31 अगस्त को सयम 7 बजे रामलीला मैदान में कथक नृत्यांगना अश्वीका साव अपनी प्रस्तुति देंगी। चक्रधर समारोह अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और कला को प्रदर्शित करने के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें देश भर के प्रतिभाशाली कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं।

### कृषि स्थायी समिति की बैठक 3 सितंबर को

**कोरबा।** जिला पंचायत की कृषि स्थायी समिति की बैठक 3 सितंबर को दोपहर 12 बजे समिति की सभापति श्रीमती अनंत सुष्मिता कमलेश की अध्यक्षता में जिला पंचायत कोरबा के सभाकक्ष में आहूत की गई है।

# बिना टेंडर के पंचायतें अब करा सकेंगी 50 लाख रुपए का विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन के द्वारा ग्राम पंचायतों को विकास कार्यों के क्षेत्र में और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से उनको और अधिकार दिये जा रहे हैं। ग्राम पंचायत बड़ी निर्माण एजेंसी के रुप में सामने आ रही है। पूर्व में उसे 20 लाख रुपए तक के कार्य कराने का अधिकार दिया गया था। जिसे बढ़ाकर अब 50 लाख कर दिया गया है। जिसमें सीसी रोड से लेकर भवन निर्माण तक के काम शामिल है।

अलग खबर

ग्रामीण क्षेत्रों में पैसों की कमी के कारण और कम बजट की वजह से प्रभावित होने वाले विकास कार्यों को देखते हुए ग्राम पंचायतों को आर्थिक रुप से सक्षम बनाने के लिए उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाली खर्च की राशि में बढ़ोत्तरी की गई है। इनमें सभी तरह के विकास कार्य शामिल हैं। 50 लाख तक के कार्य निर्माण एजेंसी के रुप में ग्राम पंचायत करा सकती है। इसके लिए उसे किसी टेंडर की भी आवश्यकता नहीं होगी। ग्राम सभा में पारित कार्यों को इस राशि से कराया जा सकेगा। पूर्व में ग्राम सभा में अक्सर विभिन्न तरह के छोटे बड़े विकास एवं निर्माण कार्य को लेकर प्रस्ताव तैयार करने का मुद्दा उठता था, जिसमें यह बात सामने आती थी कि पंचायतों को अपने अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में विभिन्न तरह के दी जाने वाली राशि अब कम पड़ने लगी है, जिसे बढ़ाया जाए। इस मांग को देखते हुए प्रस्ताव शासन को पूर्व में भेजा गया था। जनपद पंचायत से लेकर जिला पंचायत से लेकर बैठकों में यह मुद्दा उठा था। उसके बाद खर्च की सीमा बढ़ाई गई है।

## सीसी रोड से लेकर भवन निर्माण तक के कार्य शामिल

#### खास बातें

- सब इंजीनियर तैयार करेंगे ले-आउट
- पंचायतों को पूर्व में 20 लाख रुपए तक के कार्य कराने का था अधिकार

#### अधिकार क्षेत्र के बाहर कार्य

बीते कुछ दिनों से यह बात सामने आ रही है कि ग्राम पंचायतों में डीएमएफ से स्वीकृत कार्यों को जिसमें एक बड़ी राशि खर्च हो रही है उनके लिए ग्राम पंचायतों को निर्माण एजेंसी बनाया गया है किंतु उनके कार्य ग्राम पंचायतों के क्षेत्र में न होकर निकाय क्षेत्रों में हो रहे हैं। जनपद पंचायत के परिसर में जो निर्माण कार्य हो रहे हैं उसके लिए ग्राम पंचायत को एजेंसी बनाया गया है। इसी तरह कटघोरा में नगर पालिका कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत जो कार्य हो रहे हैं। उनके लिए भी ग्राम पंचायत को निर्माण एजेंसी बनाया गया है।

#### बढ़ती महंगाई का भी पड़ा असर

वर्तमान में निर्माण सामग्रियों के बढ़ते दामों का असर भी पड़ा है। मजदूरी और मटेरियल सामग्री के बढ़ते दामों के कारण 20 लाख तक के राशि से छोटे छोटे कार्य ही हो पाते थे। पहुंच मार्गों के निर्माण कार्यों के लिए राशि कम पड़ती थी। जिसके कारण कई पंचायतें हैं जिनके आश्रित ग्राम पारेटोले तक अभी भी पहुंच मार्ग नहीं बने हैं। जहां सड़क निर्माण के लिए अब राशि की कमी नहीं पड़ेगी। इतनी बड़ी राशि से छोटे छोटे पहुंचमार्ग का निर्माण किया जा सकेगा।

## एनकैप में शामिल शहरों के वायु सर्वेक्षण पर सेल्फ असेस्मेंट रिपोर्ट में खुलासा

# पांच साल में 200 करोड़ खर्च करने पर भी कोरबा, रायपुर और भिलाई की हवा खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य के कोरबा, रायपुर और दुर्ग शहर की हवा लगातार जहरीली हो रही है। यहां प्रदूषण की मात्रा तय मानक से लगभग 15 माइक्रो मीटर अधिक है। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत बीते पांच सालों में इन शहरों की हवा की गुणवत्ता सुधारने के लिए 200 करोड़ रूपये खर्च किए गए हैं। तीनों निकायों के इंजीनियरों को बकायदा हैदराबाद में ट्रेनिंग भी दी गई है। बावजूद इसके कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है। हाल ही में सामने आई सेल्फ असेस्मेंट रिपोर्ट ने चौकाने वाली तस्वीर पेश की है।

इन शहरों में पार्टिकुलेट मैटर (पीएम 10) का स्तर तय मानक से 15 माइक्रो मीटर अधिक है, जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन रहा है। प्रशासन ने कई उपाय किए हैं, लेकिन प्रदूषण पर काबू नहीं पाया जा सका है। यह स्थिति न केवल सरकारी योजनाओं की प्रभावशीलता पर सवाल उठाती है, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता बढ़ा रही है। दरअसल 15वें वित्त के अंतर्गत प्रदेश के तीन एनकैप (नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम) शहरों में रायपुर, भिलाई और कोरबा को शामिल किया गया है। इन शहरों में हवा की गुणवत्ता सुधारने के लिए एक मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया गया है। इन शहरों के अधिकारी लगातार हवा की क्वालिटी सुधारने की प्लानिंग कर रहे हैं। इसके लिए तीनों ही शहरों में कई तरह के प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। पीएम 10 का अर्थ है कणिकीय पदार्थ (पार्टिकुलेट मैटर) जिनका व्यास 10 माइक्रो मीटर या उससे कम होता है और ये श्वास के जरिए फेफड़ों में पहुंचकर गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा करते हैं। राजधानी रायपुर में यह 75, भिलाई में 69 और कोरबा में 65 है, जबकि एवरेज 60 से कम होना चाहिए। हवा की क्वालिटी खराब होने में मुख्य रूप से औद्योगिक गतिविधियों, निर्माण स्थलों, वाहनों की संख्या, कृषि और कोयला या लकड़ी जलाना जिम्मेदार है। साथ ही प्राकृतिक स्त्रोतों जैसे जंगलों की आग और पराग कणों से भी आते हैं। जनजागृति के लिए वॉल पेंटिंग, इंफरमेशन, एजुकेशन एंड कम्यूनिकेशन किया जा रहा है। दरअसल प्रशासन ने प्रदूषण कम करने के लिए कई कदम उठाए। जैसे निमोरा में प्रशासनिक अकादमी में ट्रेनिंग प्रोग्राम, पब्लिक आउट्रेज एक्टिविटी और सड़कों की नियमित सफाई, लेकिन यह प्रयास नाकाम साबित हुए हैं।



फाइल फोटो

#### बीमारी का बढ़ रहा खतरा

दरअसल ये पीएम 10 कण हवा में मौजूद धूल और विभिन्न तत्वों के छोटे कण होते हैं जो सांस लेने के दौरान फेफड़ों में जाकर स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ये कण श्वास संबंधी समस्याओं जैसे खांसी, अस्थमा और ब्रोंकाइटिस को बढ़ा सकते हैं। लंबे समय तक ऐसे हालात में रहने पर हृदय रोग का खतरा भी बढ़ जाता है। ये कण श्वसन प्रणाली पर सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

#### वायु प्रदूषण रोकने चल रहे कई योजना

पिछले पांच सालों में एनकैप के तहत रायपुर, भिलाई और कोरबा में वायु प्रदूषण कम करने के लिए कई योजनाएं चलाई गई है। जिनमें 200 रूपये खर्च किए गए हैं। इनमें मुख्य रूप से खराब सड़कों के पेंच रिपेयरिंग और पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं। बायोमास जलाने से रोकने के लिए इंसीनरेटर की स्थापना, निर्माण स्थलों से निकाले वाले कचरे के प्रबंधन के लिए संयंत्र, वाप पेटिंग, सूचना, शिक्षा और संचार अभियान भी चलाया गया है। इन प्रयासों के बावजूद हवा की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि योजनाओं का क्रियान्वयन सतही रहा और कई जगहों पर केवल कागजी कार्यवाही हुई। उदाहरण के लिए निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण के लिए पर्याप्त उपाय नहीं किए गए और औद्योगिक इकाईयों पर उत्सर्जन मानकों का पालन सख्ती से नहीं कराया गया।

# केबल घोटाले की जांच के लिए गांव गांव पहुंचेगी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आरडीएसएस योजना के तहत जिले में किए गए काम के दौरान घोटाला सामने आया है। पहले ही वरिष्ठ अफसरों ने इस घोटाले की परत दर परत जांच के लिए 5 टीम गठित कर दिया है अब किस अधिकारी को किस इलाके में जांच करनी है इसका भी शेड्यूल जारी कर दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में किए गए काम की लोकेशन संख्या के आधार पर जांच टीम मौके पर पहुंच रही है और सामग्री की गुणवत्ता के आवश्यक निरीक्षण और परीक्षण के लिए नमूना संग्रहित कर रही है। जांच पूरी होने के बाद यह टीम कार्यपालक निदेशक को रिपोर्ट सौंपेगी। उल्लेखनीय है कि आरडीएसएस योजना के तहत संभाग के विभिन्न जिलों में करोड़ों की लागत से कार्य किया जा रहा था। जिले में भी लगभग 110 करोड़ के तहत कार्य किया गया था। जिसमें कोरबा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर काम किया गया।

#### इन अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

कार्यपालक निदेशक ने कोरबा जिले की जांच के लिए 5 अलग अलग टीम बनाई है। जिसमें जी एल सतनामी कार्यपालन यंत्री कोरबा, नरपाल सिंह पंकज सहायक यंत्री कोरबा, एन.पी. सोनी सहायक यंत्री पाली, अमीत कुमार नेताम कनिष्ठ यंत्री पसान को कोरबी एवं पसान की जांच की कमान सौंपी गई है। इसी तरह एस. के. जायसवाल कार्यपालन यंत्री, बिलासपुर, दिनेश कुमार पालके सहायक यंत्री बांगों, बी.के. धारिया सहायक यंत्री कोरबा, मंजु कंवर कनिष्ठ यंत्री बांगों, अंजुलेश पैन्करा कनिष्ठ यंत्री, तुलसीनगर जोन, भगत राम कंवर कनिष्ठ यंत्री, दर्री जोन को बांगो की कमान सौंपी गई है। एस. के. खाखा कार्यपालन यंत्री, बिलासपुर, शेखर सोनी सहायक यंत्री, कटघोरा, अभिषेक मारकण्डे कनिष्ठ यंत्री चैतमा, प्रकाश कंवर कनिष्ठ यंत्री पोड़ी, नमन डिक्सेना कनिष्ठ यंत्री, दीपका को पाली की कमान सौंपी गई है।

# संपत्ति चोरी के मामले में एसईसीएल ने 6 कर्मियों को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के सतर्कता विभाग ने सूत्रों से प्राप्त जानकारी के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कंपनी की संपत्ति की चोरी में संलिप्त कर्मियों की पहचान की है। एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की राजगमार एवं ढेलवाड़ीह खदानों के कुछ कर्मियों द्वारा स्टोर से सामान इशू करवाने के बाद लोहे, स्क्रैप को कबाड़ी की दुकानों पर बेचे जाने की गतिविधि सामने आई थी। सतर्कता विभाग की टीम ने संबंधित गाड़ियों की संख्या के आधार पर जांच कर दोषी कर्मियों की पहचान की। कोरबा क्षेत्रीय प्रबंधन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषी पाए गए 6 कर्मियों पर तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्यवाही की है। एसईसीएल प्रबंधन कंपनी की संपत्ति की सुरक्षा और पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस प्रकार की गतिविधियों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाता है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस तरह की किसी भी अनियमितता या भ्रष्टाचार को कड़े स्तर पर निपटाया जाएगा। ज्ञात हो कि इससे पहले एसईसीएल की कॉलोनियों में अवैध बिजली कनेक्शन को लेकर भी सतर्कता विभाग द्वारा कार्यवाही की गई थी। इसके साथ ही प्रोजेक्ट डिजीकोल के अंतर्गत आधुनिक सेंसर तकनीक से डीजल चोरी जैसी गतिविधियों पर भी लगाम लगाने की दिशा में पहल की है।

#### खास बात

- सतर्कता विभाग ने की त्वरित कार्यवाही

### नशे की हालत में स्कूल में सोते मिले प्रधानपाठक

**कोरबा।** जिले के ग्रामीण अंचलों में संचालित शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की लापरवाही लगातार सामने आते रही है। कोई नशे में स्कूल पहुंच रहा है तो कोई बिना अवकाश के स्कूल के बाहर है तो कोई स्कूल अवधी में ब्लॉक और जिला मुख्यालय में घूमते नजर आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला करतला ब्लॉक के जर्वे प्राथमिक शाला का सामने आया जहां के प्रधानपाठक नशे में स्कूल में ही सोते पाये गये। सरकारी स्कूल में शिक्षकों की लापरवाही सामने आई है। करतला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत जरवे की शासकीय प्राथमिक शाला में हेड मास्टर चंद्रपाल पैकरा शराब के नशे में धुत होकर स्कूल कार्यालय में सोते पाए गए। नशा इतना अधिक था कि कई बार आवाज देने पर भी वह नहीं जागे। जब उनकी नींद टूटी, तो वे न तो जिला कलेक्टर का नाम बता सके और न ही मुख्यमंत्री का। स्कूल में 46 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, लेकिन ऐसे लापरवाह शिक्षकों के कारण बच्चों का भविष्य खतरे में है।

### 64 वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोरबा।** जिले में वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया जहां 24 घंटे के भीतर पुलिस ने कुल 64 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।
पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में सजग कोरबा के तहत चलाए जा रहे आपरेशन शांति के अंतर्गत 24 घण्टे में 64 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इनमें से 14 आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे। त्यौहारी सीजन के अंदर शांति व्यवस्था बनी रहे और जो अपराधिक तत्व के लोगों पर नकेल कसी जा सके इसके मद्देनजर आपरेशन शांति चलाया गया है। इससे पूर्व अगस्त माह मे पहले भी एक दिवसीय अभियान चलाया गया था जिसमें कोरबा पुलिस द्वारा 103 गिरफ्तारी एवं स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया था। इस प्रकार कुल 167 वारंटियों को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है।

## बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किया गया पुरस्कृत

# पीएचसी को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में लगातार प्रयास कर रहे कोरबा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) चिकनीपाली और उप स्वास्थ्य केन्द्र छिन्दपुर को भारत सरकार की राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक टीम ने गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाणपत्र प्रदान किया है।

करतला विकासखंड के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिकनीपाली का 30 और 31 जुलाई को राष्ट्रीय गुणवत्ता टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। टीम ने वहां उपलब्ध 6 विभागों की सेवाओं और रखरखाव का बारीकी से मूल्यांकन किया। परिणामस्वरूप, केन्द्र ने 87.93 प्रतिशत अंक अर्जित कर राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरते हुए यह उपलब्धि हासिल की। वहीं, कटघोरा विकासखंड के उप स्वास्थ्य केन्द्र छिन्दपुर का निरीक्षण 15 जुलाई को वर्चुअल माध्यम से किया गया। यहां उपलब्ध 7 अनिवार्य सेवा पैकेजों का मूल्यांकन हुआ और केन्द्र ने 86.86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रमाणपत्र हासिल किया। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाणपत्र मिलना केवल एक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि यह इस बात का भरोसा है कि जिले के नागरिकों को अब राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं।

ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता लंबे समय से चिंता का विषय रही है। ऐसे में यह उपलब्धि स्थानीय स्वास्थ्य तंत्र में विश्वास और मजबूती दोनों को बढ़ाती है। इस उपलब्धि के पीछे जिला प्रशासन का ठोस मार्गदर्शन और स्वास्थ्य विभाग की सतत मेहनत रही। कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में यह कार्य हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केशरी के नेतृत्व में जिला स्वास्थ्य टीम ने इसे संभव बनाया। दोनों ने संयुक्त रूप से चिकनीपाली और छिन्दपुर स्वास्थ्य केन्द्रों को प्रमाणपत्र मिलने पर संबंधित खंड चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्यकर्मियों और जिला स्तरीय टीम को बधाई दी। ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर मरीजों को छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए भी दूर शहरों की ओर रुख करना पड़ता है। अब राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक हासिल करने वाले इन केन्द्रों पर मरीजों को अधिक भरोसेमंद, सुरक्षित और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ मिलेंगी।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सरल विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिशर, आंतो की रूकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661




# तमन्ना-डायना की सीरीज डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी की सीरीज डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर मेकर्स ने जारी किया है। ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे दो महिलाएं शिखा और अनाहिता अपने नए बिजनेस को शुरू करती हैं। इसमें उन्हें धैर्य और संघर्ष को बेहद ही शानदार ढंग से दिखाने का प्रयास किया जाता है। ट्रेलर में कॉमेडी भी देखने को मिलती है। इस सीरीज को युवाओं पर फोकस किया गया है, जो दर्शकों को प्रेरणा देने का काम भी कर सकती है। कोलिन डी कुन्हा और अर्चित कुमार द्वारा निर्देशित सीरीज डू यू वाना पार्टनर 12 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। वहीं, इस सीरीज को मिथुन गोंगोपाध्याय और निशांत नायक द्वारा निर्मित किया गया है।

लाइफ Style

# साई धनशिका



## 12 साल बड़े स्टार से की सगाई

स्टार विशाल ने साई धनशिका के साथ अपने रिश्ते का खुलासा इस साल मई में किया था। उन्होंने जल्द शादी करने की बात कुबूल थी। जब से इस बात का पता चला था कि दोनों रिलेशनशिप में हैं, तभी से ही उनके फैंस दोनों की शादी का इंतजार कर रहे थे। कपल ने अब अपनी सगाई की तस्वीरें शेयर करके फैंस को खुशखबरी दी है। इसे लेकर विशाल के फैंस काफी खुश हैं। वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्हें बधाई देते दिख रहे हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

धनशिका से विशाल 12 साल बड़े हैं। एक्टर ने सगाई की तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा, 'दुनिया के कोने-कोने से लोग मुझे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शुभकामनाएं और आशीर्वाद दे रहे हैं। इसके लिए आप सभी करीबियों का धन्यवाद. आज मुझे साई धनशिका के साथ हुई सगाई के बारे में आपको बताते हुए बहुत खुशी हो रही है। हमेशा की तरह आपके आशीर्वाद की कामना करता हूं।' तस्वीरों में विशाल और धनशिका के साथ ही उनका परिवार भी दिख रहा है। विशाल ने इनमें अपनी अंगूठी की फोटो भी शेयर की है। जब दोनों ने अपने रिश्ते का खुलासा किया था, तब साई धनशिका ने कहा था कि वो विशाल को 15 साल से जानती हैं। उनके मुताबिक, मुश्किल हालातों में विशाल ने उनका साथ दिया. वहीं विशाल ने कहा था कि साई को पार्टनर के रूप में पाकर वो बहुत खुश हैं और ईश्वर को इसके लिए धन्यवाद देते हैं। विशाल और साई धनशिका फिलहाल शादी की तारीख का ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन जल्द ही दोनों शादी करेंगे। बताया जा रहा है कि सगाई की तरह इसमें भी करीबी रिश्तेदार ही शामिल होंगे। वर्क फ्रंट की बात करें तो विशाल अपनी 35वीं फिल्म मगुडम पर काम कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# ओल्ड टाउन रोड से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** अटलांटा के 26 वर्षीय रैपर और गायक लिल नैस एक्स को 2018 के अपने सबसे प्रसिद्ध एल्बम 'ओल्ड टाउन रोड' के लिए जाना जाता है। यह गाना दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया गया था। इसके अलावा रैपर को साल 2021 में आए मोंटेरो एल्बम के लिए ग्रैमी पुरस्कार के लिए भी नामांकित किया गया था। लिल नैस एक्स रैपर लिल नैस एक्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, पिछले चार दिन बहुत डरावने रहे हैं।



# मरने से पहले अपने हर बच्चे के नाम छोड़ गया 244 करोड़ रुपए

**लॉस एंजिल्स।** शायद ही दुनिया में कभी ऐसा पॉप स्टार होगा, जिसके मरने पर पूरी दुनिया ने आंसू बहाए और इसकी अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए लकी टिकट निकाले गए थे। इसकी अंतिम यात्रा को स्ट्रीम किया गया, तो उसे दुनियाभर के 300 करोड़ लोगों ने देखा था। यही नहीं, मरने के 70 दिन बाद इसे दफनाया गया था और वह भी रहस्यमय तरीके से। और तो और इस पॉप स्टार ने मरने के बाद कई रिकॉर्ड बनाए थे। इसके नाम पर एक-दो नहीं, बल्कि 39 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हैं। बताया जाता है कि मौत के बाद इस पॉप स्टार की 17,110 करोड़ रुपए कमाई हुई। यह अपने हर बच्चे के नाम 244 करोड़ और बाकी प्रॉपर्टी में हिस्सा छोड़ गया था। यह थे माइकल जैक्सन, जिन्हें दुनिया 'किंग ऑफ पॉप' भी कहती थी। वह दुनिया के सबसे बेहतरीन सिंगर थे। आवाज के अलावा वह अपने गानों, डांसिंग स्टाइल और मून वॉक के लिए मशहूर थे।



# सनी संस्कारी ...में बाहुबली अवतार में दिखे वरुण!

**मुंबई।** एक्टर वरुण धवन और जान्हवी कपूर की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के मेकर्स ने शुक्रवार को टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें कॉमेडी और रोमांस का शानदार तड़का देखने को मिल रहा है। धर्मा प्रोडक्शन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर टीजर रिलीज किया और कैप्शन में लिखा, 'चार लोग, दो दिल तोड़ने वाले, एक शादी। फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी'का टीजर रिलीज हो गया है। यह 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' 1 मिनट के टीजर की शुरुआत वरुण धवन के मस्ती भरे अंदाज से होती है, जहां वह बाहुबली अवतार में नजर आते हैं। वरुण मजेदार अंदाज में पूछते हैं, 'मैं बाहुबली लग रहा हूं ना?' जवाब में एक किरदार कहता है, 'रणवीर सिंह की धोती में प्रभास का पौधा लग रहा है!




# कमजोर कहानी को न परम संभाल पाए न ही सुंदरी

**नई दिल्ली।** सिद्धार्थ मल्होत्रा, जाह्नवी कपूर, मनजोत सिंह और संजय कपूर स्टारर फिल्म परम सुंदरी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। परम सुंदरी की कहानी कमजोर निकली, कुछ भी नयापन देखने को नहीं मिला। फिल्म की कहानी एक नॉर्थ इंडियन लड़के परम सचदेव (सिद्धार्थ मल्होत्रा) और एक साउथ इंडियन लड़की थेक्कापट्टू सुंदरी दामोदरम पिल्लई (जाह्नवी कपूर) पर आधारित है। फिल्म में न तो कोई बेहतरीन लव स्टोरी है और न ही कोई कॉमेडी जो इसे मनोरंजक बना सके। फिल्म में जाह्नवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा को कई बार ओवरएक्टिंग करते देखा। जाह्नवी फिल्म में जिस तरह के रोल में थीं, उस पर खरी नहीं उतर पाईं। उन्हें अभी भी काफी मेहनत करने की जरूरत है।

## टीवी मसाला



# अनुपमा सिंहासन पर काबिज, पिछली बार से तुलसी की बेहतर हुई स्थिति

**नई दिल्ली।** 33वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट सामने आ चुकी है। पिछले बार के मुकाबले लिस्ट में बड़ा उलट-फेर नहीं हुआ है। सीरियल अनुपमा अपनी जगह पर काबिज है। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने अपनी कंडीशन को कुछ बेहतर किया है। रुपाली गांगुली स्टारर सीरियल अनुपमा कई साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है, साथ ही टीआरपी लिस्ट में हमेशा टॉप फाइव में बना रहता है। 33 हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसे 2.3 की टीआरपी मिली है और यह पहले नंबर पर काबिज है। पिछले हफ्ते भी यह सीरियल टॉप पर बना हुआ था। सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' 2.0 की टीआरपी के साथ दूसरे नंबर पर है। वहीं, तीसरे नंबर पर स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' है, इसे 1.9 की टीआरपी मिली है। पिछले हफ्ते यह शो चौथे नंबर पर था। लगभग 17 साल से टीवी पर दर्शकों को अपनी कॉमेडी से हंसा रहा सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चौथे नंबर पर है। पांचवें नंबर पर शरद केलकर स्टारर सीरियल 'तुम से तुम तक' शामिल हुआ है।

# अमिताभ ने याद किया विराट का इमोशनल पल

नई दिल्ली। सोनी टीवी का क्विज रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति लंबे वक्त से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो में अमिताभ बच्चन कई अलग-अलग किस्से और अपने विचारल फैंस के साथ शेयर करते हैं। अब शो के लेटेस्ट एपिसोड में अमिताभ बच्चन ने विराट कोहली के उस इमोशनल पल को याद किया जब आईपीएल में उनकी टीम को जीत



मिली थी। अमिताभ बच्चन ने कहा कि जब सालों की मेहनत के बाद व्यक्ति को जीत मिलती है तो आदमी हिल जाता है। कौन बनेगा करोड़पति 17 के लेटेस्ट एपिसोड में अमिताभ बच्चन ने सामने बैठे कंटेस्टेंट से क्रिकेट से जुड़ा सवाल पूछा। सवाल था- 2025 में, अपने करियर में किसी एक फ्रेंचाइजी के लिए 9000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज कौन बने? सवाल के जवाब में कंटेस्टेंट ने तुरंत विराट कोहली का नाम लिया, जो एक सही जवाब था। इसके बाद अमिताभ बच्चन ने विराट कोहली के एक इमोशनल पल को याद करते हुए क्रिकेटर की तारीफ की। अमिताभ बच्चन ने कहा, 'विराट कोहली अपने कॅरियर में सिर्फ आरसीबी के लिए खेले हैं और ये कभी जीत नहीं पाए थे। वो दृश्य देखा होगा आपने जब वो जीते थे। इतना भावुक हो जाता है इंसान, इतना बड़ा क्रिकेटर। विश्वभर में जिसका नाम हो।

# बंधनों को तोड़कर कश्मीर से उठी सुरों की इबादत



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सबा आजाद और सोनी राजदान स्टारर फिल्म 'सॉन्स ऑफ पैराडाइज' ओटीटी पर शुक्रवार को रिलीज हो गई है। कहते हैं, एक सच्चे कलाकार की कला हर धर्म, जाति, पंथ और लिंग की सीमाओं से ऊपर उठकर सिर्फ इंसानियत और भावनाओं की जुबान बोलती है। उसकी कला को समाज की बेड़ियां जकड़ नहीं सकतीं। दूसरे शब्दों में कहें तो एक कलाकार को कैद किया जा सकता है लेकिन उसकी कला को नहीं। अभिनेत्री सबा आजाद और सोनी राजदान की फिल्म 'सॉन्स ऑफ पैराडाइड' इसी सच को बयां करती है। कश्मीर की एक साधारण सी लड़की जो सपने तो देखती है मगर उन्हें पूरा करने की उसे अनुमति नहीं है। क्यों? क्योंकि वो एक लड़की है, जिसे शादी करके अपने शौहर के घर जाना है। कहने को तो 'आजाद भारत' में साल 1954 की बात है, लेकिन आजादी का असली मतलब क्या है, ये शायद किसी को नहीं पता। ये कहानी है साधारण सी लड़की 'जेबा' की, जो आगे चलकर कश्मीर की 'नूर बेगम' बनती हैं। फिल्म में सबा आजाद ने जेबा का किरदार निभाया है, जिनकी मासूमियत स्क्रीन पर देखते ही बनती है। सबा ने अपने किरदार के साथ जस्टिस करने की पूरी कोशिश की है और इसके लिए उन्हें पूरे नंबर दिए जाने चाहिए। वहीं, मौजूदा वक्त में जेबा यानी नूर बेगम का किरदार दिग्गज अभिनेत्री सोनी राजदान ने निभाया है। सोनी राजदान ने अपने अभिनय का पूरा अनुभव फिल्म में झोंक दिया है। सबसे बड़ी चुनौती जो इन अभिनेत्रियों के सामने थी वो था कश्मीरी एक्सेंट को अपनाने की, जिसके लिए इनकी तारीफ जरूर करनी चाहिए। जेबा की अम्मी के रोल में शिबा चड्ढा नजर आ रही हैं, वहीं आजाद साहब का रोल जैन खान दुर्रानी ने निभाया है। एक्टिंग के मामले में फिल्म में कहीं पर भी कोई खामी नजर नहीं आती। हर एक किरदार अपने-अपने प्लॉट के हिसाब पूरी तरह खरा उतरता है।

## जय गणपति... गणनायक...



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन गुरुवार को मुंबई स्थित अपने आवास पर 'गणेश चतुर्थी' उत्सव के दौरान।

## जापान के कोबे शहर में हुई थी सायोनारा गाने की शूटिंग

# तब 16 साल के थे पीएम मोदी, जब सायोनारा की थी भारत में गूंज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

करीब 59 साल पहले आई फिल्म लव इन टोक्यो को इस वक्त याद करना तो बनता है। इस वक्त जहां भारत के प्रधानमंत्री इस वक्त जापान के टोक्यो में हैं और ये फिल्म उनके टीनेज के दिनों की है। पीएम मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन के तियानजिन में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। आज हम यहां उस फिल्म को याद करने जा रहे हैं जो जापान से जुड़ा है और जब ये फिल्म रिलीज हुई थी तो पीएम मोदी करीब 16 साल के रहे होंगे। अपने युवा दौर में यकीनन उन्होंने भी इस फिल्म और इसके फेमस गाने 'सायोनारा' का लुत्फ जरूर उठाया होगा। आज हम इसी 'सायोनारा' की कहानी सुनाने जा रहे हैं। 'सायोनारा' गाना फिल्माया गया था आशा पारेख पर, जिनकी खूबसूरती ने इसमें चार चांद लगा दिया था। इसमें आवाज दी थी लता मंगेशकर ने, जिनकी आवाज आज भी हर किसी के दिलों में जवां है।



### लव इन टोक्यो को खूब मिली सफलता

'लव इन टोक्यो' बताती है कि उन्हें इतनी सफलता क्यों मिली। ये फिल्म बेहतरीन और आकर्षक होने के साथ-साथ नैतिक रूप से भी ईमानदार रही जिसने दर्शकों को बीच-बीच में मुस्कुराने, इमोशनल करने और खिलखिलाने पर मजबूर किया। वैसे तो इस फिल्म में कई गाने थे, जिसमें 'ले गई दिल गुड़िया जापान की' और 'सायोनारा सायोनारा' भी शामिल हैं। 'सायोनारा' ने अधिक पॉप्युलैरिटी बटोरी जिसकी वजह शायद ये शब्द 'सायोनारा' था। गाने में आवाज दी थी स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने, लेकिन इसे लिखा था हसरत जयपुरी ने। संगीत शंकर जयकिशन का था। बताया जाता है कि 'सायोनारा' की शूटिंग जापान के कोबे शहर में हुई लेकिन जापानी दृश्यों को क्योटो में फिल्माया गया था। फिल्म में क्योटो के कुछ रियल लोकेशन थे।

### उस दौर में रेडियो पर लोगों ने इस गाने को खूब सुना

*आशा पारेख और जॉय मुखर्जी की लीड रोल वाली ये फिल्म 'लव इन टोक्यो' ऐसी ही फिल्म थी, जो प्यारी और मनोरंजक थी। 1960 के दशक में कई फिल्में आईं जिसने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी और लोगों की यादों में हमेशा के लिए रह गईं। उन्ही दिनों साल 1966 में रिलीज हुई 'लव इन टोक्यो' जिसका गाना 'सायोनारा' अपने रोमांटिक अंदाज, जापान के अद्भुत लोकेशन और दिल को छू लेने वाले धुनों का ऐसा मेल था जिसे देखने वालों ने ही नहीं बल्कि सुनने वालों ने भी खूब प्यार दिया।*

### लव इन टोक्यो की कहानी

लव इन टोक्यो' की कहानी टोक्यो, जापान के बैकग्राउंड पर सेट है, जहां अशोक यानी (जॉय मुखर्जी) अपने भतीजे चिक्कू को भारत से लाने के लिए जापा पहुंचता है। दरअसल गायत्री देवी (ललिता पवार) अपने बेटे अशोक को जापान भेजती है ताकि उसका पोता उसके पास आ जाए। गायत्री देवी का एक बड़ा बेटा था, जिसने उसके आशीर्वाद के बिना जापानी मूल की लड़की से शादी की थी। वह चाहती है कि अशोक सरिता से शादी कर ले, लेकिन अशोक सरिता में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाता है। उधर जापान पहुंचने के बाद अशोक आशा (आशा पारेख) से मिलता है और दोनों में प्यार हो जाता है। वहीं ,अब आशा के चाचा चाहते हैं कि आशा प्राण (प्राण) से शादी कर ले, लेकिन आशा को वो पसंद नहीं और फाइनली वो अशोक के साथ भाग जाती है।

### आशा पारेख कब गाती हैं सायोनारा

इसी फिल्म मे जब अशोक आशा (आशा पारेख) से मिलता है तो दोनों की लव स्टोरी शुरू होती है। आशा एक सिख लड़के और फिर चिजुरु (चिक्कू की कथित मौसी) के भेष में अशोक से मिलती है। इस फिल्म में दोनों के बीच फिल्माया गाना 'सायोनारा सायोनारा' उसी सीन में आता है। जब आशा, चिजुरु के रूप में, अशोक के साथ रोमांटिक अंदाज में छेड़खानी करती है और वादा करती है कि वह फिर मिलेगी। 'सायोनारा' एक जापानी शब्द है जिसका मतलब अलविदा है। हालांकि फिल्म के गाने 'सायोनारा सायोनारा, वादा निभाऊंगी सायोनारा, इठलाती और बलखाती, कल फिर आऊंगी सायोनारा' में इस शब्द का इस्तेमाल एक चंचल और रोमांटिक विदाई की तरफ इशारा करता है जिसमें फिर मुलाकात का इशारा है। ये फिल्म के टोक्यो सेटिंग के साथ मेल खाता है।

## खबर संक्षेप

### प्रमुख अभियंता ने जल जीवन मिशन के संचालक को कार्रवाई के लिए किया निर्देशित



**अकलतरा।** नगर पंचायत नरियरा में जल जीवन मिशन के कार्यों में बरती जा रही और नियमितताओं को लेकर विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा लोक स्वास्थ्य यंत्र की विभाग के संचालक को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की गई थी। विधायक की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता के द्वारा जल जीवन मिशन के संचालक को नगर पंचायत नरियरा में जल जीवन मिशन के कार्यों की जांच कर विधिवत कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है। विदित हो कि जलजीवन मिशन को केंद्र सरकार के द्वारा भारत के सभी दूर-सुदूर गांवों के हर घर तक शुद्ध पेय जल पहुंचाने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया था जिसे राज्य एवं केंद्र सरकार को मिलकर 2024 तक पूरा करना था लेकिन जल जीवन मिशन के कार्यों में पूरे अकलतरा विकासखंड में व्यापक तौर पर अनियमितता एवं भ्रष्टाचार की शिकायत है। विकासखंड के अधिकांश गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बड़े पैमाने पर राशि खर्च किए जाने के बाद भी लोगों को पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है।

### भाजपा जिला इकाई में नगर के तीन नेताओं को स्थान



**चांपा।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त अध्यक्ष अंबेश जांगड़े द्वारा पिछले दिनों अपनी नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें नगर के तीन भाजपा नेताओं को शामिल किया गया है। घोषित कार्यकारिणी में भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रह चुके प्रदीप सराफ को कार्यलय प्रभारी के रुप में शामिल किया गया है। इसके अलावा पूर्व पार्षद लक्ष्मीचंद देवांगन को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त पार्टी के युवा नेता तथा प्रतिष्ठित व्यवसायी राम खूबवानी भाजपा की नवीन जिला इकाई में सह कोषाध्यक्ष के रुप में शामिल किए गए है। तीनों नेताओं को भाजपा की नवीन जिला कार्यकारिणी में शामिल किए जाने पर नगर के पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### साहू हेल्प लाइन ने मूक बधिर का किया सम्मान



**देवरी-सारागांव।** ग्राम पंचायत दुरपा निवासी जन्म से मूकबधिर अभिनव राठौर ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को विश्व मंच पर प्रदर्शित कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। आस्ट्रेलिया में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने अपनी प्रस्तुति दी। उनके गृह ग्राम लौटने पर साहू हेल्प लाइन जांजगीर के संयोजक अशोक साहू ने घर पहुंचकर उन्हें श्रीफल व शाल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अभिनव का यह प्रयास जिले सहित क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी है। सम्मान समारोह में अशोक कुमार साहू, सीताराम, बुधराम बरेठ, दिलीप कुमार व सुखीराम राठौर उपस्थित रहे।

### विधायक के प्रयास से सरखों-पाली सड़क निर्माण की मिली स्वीकृति



**जांजगीर-चांपा।** विधायक ब्यास कश्यप के प्रयास से ग्राम सरखों से औराईकला नहर पार होते हुए पाली पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति आदेश जारी हुआ है। विदित हो कि जांजगीर-चांपा जिले के कुल 14 प्रमुख मार्गो के निर्माण के लिए विधानसभा के बजट सत्र 2024-25 में शामिल करने हेतु प्रस्ताव विधायक ब्यास कश्यप के द्वारा लोक निर्माण विभाग मंत्री अरूण साव को दिया गया था। इन्हीं में सरखों औराईकला नहर पार होते हुए पाली पहुंच मार्ग लंबाई 3.20 कि.मी. भी शामिल है। इसकी स्वीकृति बजट सत्र 2024-25 में दी जा चुकी थी तथा प्रशासकीय स्वीकृति 14 अगस्त को विभाग के द्वारा जारी कर दी गई है। 3.20 किलोमीटर लंबी इस मार्ग के निर्माण के लिए 4 करोड़ 36 लाख 3 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। इस बहुप्रतिक्षित सड़क के निर्माण हो जाने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

### राधाअष्ठमी पर आज होगी पूजा-अर्चना, बंटेगा प्रसाद

**जांजगीर-चांपा।** भाद्रशुक्लपक्ष अष्ठमी को राधारानी के जन्मोत्सव के रुप में मनाया जाता हैं। यह पर्व प्रेम, सौभाग्य और समृद्धि का प्रतिक है। इस दिन राघारानी के पुजा करने से भक्तों को भगवान श्री कृष्ण और राधारानी दोनो का आशीर्वाद मिलता है। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पुजारी पं. किरण कुमार मिश्रा ने जानकारी दी की काशीविश्वनाथ पंच्चांग मतानुसार राधाअष्ठमी 30 अगस्त की रात्रि 10: 46 मिनट से प्रारंभ होरही है 1 सितंबर को पूर्वाहन काल 12: 57 तक रहेगी इस प्रकार उदयातिथि में राधाअष्ठमी 31 अगस्त को मनाना शुभ कर होगा। इस दिन राधारानी का पुजा करने का सबसे शुभ समय प्रातकाल 11: 05 से लेकर 1:38 तक रहेगा। राधाअष्ठमी के अवसर पर श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर में राधारानी को भोग अर्पण कर खीर प्रसाद शाम 4 बजे से वितरण किया जाएगा।

#### जिला पंचायत-सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की हुई समीक्षा

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने उठाया खाद की किल्लत का मुद्दा, जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


जिला पंचायत-सामान्य प्रशासन समिति की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान विभिन्न विभागों की कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष ने खाद किल्लत का मुद्दा उठाया और कड़ी नाराजगी जाहिर की।

जिला पंचायत-सामान्य प्रशासन समिति की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्य लता आनंद मिरी की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया सहित समिति के सभापति एवं सदस्य श्रीमती प्रियंका सिंह क्षत्री, श्रीमती प्रमिला साहू, महादेव नेताम, श्रीमती बबीता रात्रे, श्रीमती मोहन कुमारी साहू, सुश्री आशा साव, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, उप संचालक अभिमन्यु साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विभागों की कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में उद्योगों से पर्यावरण प्रदूषण की समस्या सामने आ रही है। इस संबंध में समिति ने निर्णय लिया कि उद्योग एवं पर्यावरण से



जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में उपस्थित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सीईओ।

संबंधित जनसुनवाई बैठकों की सूचना जिला पंचायत सदस्यों को भी अनिवार्य रूप से दी जाए, ताकि वे भी आमजन के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की स्थिति की भी समीक्षा की गई। सदस्यों ने कहा कि राशन दुकानों का खुलने और बंद होने का समय निर्धारित होना चाहिए, जिससे हितग्राहियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिले में किसानों को खाद एवं बीज की उपलब्धता पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि किसानों को खेती-किसानी के लिए खाद बीज की कमी महसूस न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जानी चाहिए। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। सदस्यों ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में मरीजों को समय पर उपचार मिल सके, इसके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति अनिवार्य की जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका नियमित रूप से उपस्थित रहें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित निगरानी की जाए और अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। सदस्यों ने कहा कि सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाने चाहिए। बैठक में यह निर्देश दिए गए कि हैंडपंपों की मरम्मत एवं पेयजल योजनाओं का रखरखाव नियमित रूप से किया जाए, ताकि लोगों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े। सदस्यों ने कहा कि किसानों को उनकी फसलों की सिंचाई के लिए नहरों से समय पर और पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति बैठक में विभागीय बजट एवं अधिकारियों कर्मचारियों की जानकारी ली गई। इस दौरान अध्यक्ष ने कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारी बैठक में समय पर उपस्थित रहें और जो अधिकारी अनुपस्थित पाए गए, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए।



## 6885 पेंसिल से बनाया गणेश पंडाल बना आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

गणेश चतुर्थी पर्व बड़े धूम धाम से मनाया जा रहा है। सभी गली मोहल्ले घरों में भी गणेश जी की छोटी बड़ी प्रतिमा की स्थापना कर पूजा आरती प्रसाद वितरण का सिलसिला चल रहा है। इसी बीच सक्ती के कलाकार अमित तम्बोली जो समय समय मे अपनी कला का प्रदर्शन करते रहते है।

लगातार 11 वर्षों से छोटे से मात्र 36 इंच लंबा × 24 इंच चौड़ा और 36 इंच के लगभग ऊंचा पंडाल बनाते है। इस बार कलर पेनिसल से गणेश जी का पंडाल बना कर गणेश जी का स्थापना किया गया है। इसको बनाने में उपयोग मे आने वाला सामान इस प्रकार है। लगभग 6885 नग कलर पेनिसल पार्टिकल बोर्ड, कार्ड बोर्ड, ग्लू सटीक से तैयार किया गया है। इस पंडाल को बनाने मे लगभग 84 घंटे का समय लगा है। इस कार्य मे अक्षत तंबोली के साथ पूरा परिवार का सहयोग रहा। मानस अग्रवाल (शिव बुक सेंटर) के द्वारा कलर पेनिसल का सहयोग प्राप्त हुआ। 27 अगस्त को दोपहर 2 बजे पंडित हरनारायण पाण्डेय के सानिध्य में किया गया। इसमे मुख्य यजमान अक्षत तम्बोली बने एवं श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार शामिल हुये पूजा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया फिर भाक्त गणेश जी के दर्शन कर बड़े बारिकी से कलर सीस पेनिसल से बने गणेश का निरीक्षण करने में लगे रहे। प्रति दिन संध्या को एक अलग पंडित को आमंत्रित कर आरती किया जा रहा हैञ। प्रथम दिवस संध्या आरती पंडित भोलाशंकर तिवारी के सानिध्य में किया गया। पूरा तम्बोली परिवार के साथ दर्शन करने भक्त शामिल हुए।

### खेल दिवस पर सद्भावना दौड़ का किया गया आयोजन




**अकलतरा।** शासकीय डॉक्टर इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा में को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के एनसीसी कैडेट्स, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉक्टर मनेन्द्र मेहता ने खेल को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बताते हुए स्वस्थ रहने के लिए शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रेरित किया।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.उपेंद्र कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय खेल दिवस के इतिहास एवं खेल दिवस मनाये जाने के कारणों पर चर्चा किया। एनसीसी अधिकारी सुनील साहू ने विद्यार्थियों को बताया कि चाहे एनसीसी में रहें या एनएसएस में या फिर एक विद्यार्थी के रूप में भी युवाओं को पैदल चलना, दौड़ना, तैरना, शारीरिक श्रम, योगाभ्यास पी टी, ड्रिल आदि के माध्यम से शारीरिक रूप से सक्रिय होना चाहिए। कार्यक्रम में प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## डिबेट के माध्यम से बच्चों ने सड़क सुरक्षा पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग एवं गृह विभाग के सहयोग से राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर शुक्रवार को विकासखण्ड स्तरीय वाद - विवाद

- सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर विखं स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी भवन में किया गया। जिसमें ब्लॉक के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का आयोजन धन्यकुमार पांडेय एवं मोहनलाल यादव के आतिथ्य में हुआ। निर्णायक मंडल में निखिल मसीह, सुशील शर्मा एवं ममता जायसवाल रहे। वाद विवाद प्रतियोगिता में पक्ष एवं विपक्ष पर छात्रों ने बेबाकी से अपनी राय रखते हुए चर्चा की। सड़क



प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राएं, निर्णायक मंडल के पदाधिकारी व शिक्षकगण।

दुर्घटनाओ के कारण होने वाली मौतों, यातायात के नियमो का पालन सहित इस पर जागरूकता कैसे लाये आदि विषयों पर छात्रों ने विचार रखकर डिबेट किया। प्रथम स्थान रीमा पटेल, अवनी राठौर, दीपिका सिंह राठौर ,तनु साहू , अंशिका बरेठ की टीम, द्वितीय स्थान अक्षय राठौर, अमर देवांगन , आशा बरेठ ,तारा पटेल , प्राची की टीम एवं तृतीय स्थान गौरी, शिवाशिष मिश्रा , मानसी धीवर , प्रीति चंद्रा, यामिनी राठौर की टीम ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कर संतोष साहू, वर्षा वस्त्रकार, अंजली, मंजू एवं राजनंदनी ने प्राप्त किया। चयनित छात्रों का दल जिला स्तर पर वाद -विवाद प्रतियोगिता में बम्हनीडीह विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। निर्णायक मंडल के ममता जायसवाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वाकपटुता, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। इस असवर पर उमेश दुबे, कुमार सिंह राज, रामलाल डडसेना, राजेश बरेठ , पीताम्बर कश्यप सहित शिक्षकगण उपस्थित थे ।

## छात्रों को दी गई कानूनी अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी

**सक्ती।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सक्ती में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।,इस कार्यक्रम में प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत कुमार शिवहरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनके कानूनी अधिकार, कर्तव्य और व्यवहारिक कानून की जानकारी देना और छात्राओं को आत्मनिर्भर और जागरूक नागरिक बनाना था ताकि वे समाज में अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें। साथ ही कार्यक्रम में कानूनी सहायता, पोक्सो एक्ट, शिक्षा का अधिकार, नालसा हेल्पलाइन जैसी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। ऐसे शिविरों से छात्राओं में जागरूकता, आत्मविश्वास और सामाजिक भागीदारी की भावना मजबूत होती है। यह विधिक साक्षरता शिविर पर्सनैलिटी डेवलपमेंट और रोजगार के विषयों के साथ विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण का मार्गदर्शन करने वाली महत्वपूर्ण पहल रही। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती सरोजनी लकड़ा, शिक्षक नकुल देवांगन कोर्ट स्टॉफ़ नरसिंह गोंड, प्रदीप केवट और पैरालीगल वालेंटियर मनीष साहू, प्रहलाद बंजारे उपस्थित रहे।



## नगर में आज से बहेगी श्रीमद् भागवत कथा की रसधारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

कोसा, कांसा एवं कंचन की नगरी तथा जीवनदायिनी हसदेव की पावनधरा चांपा में रविवार 31 अगस्त से 6 सितंबर तक कोरबा रोड स्थित सुप्रसिद्ध उद्योगपति सज्जन अग्रवाल के निवास पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन अग्रवाल परिवार द्वारा किया जा रहा है। इसमें विश्व प्रसिद्ध भागवत प्रवक्ता एवं जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजय शंकर मेहता (उज्जैन) द्वारा अपने श्रीमुख से 7 दिनों तक नगर तथा अंचल की जनता को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक सज्जन अग्रवाल ने बताया कि रविवार 31 अगस्त को प्रातः 9 बजे से सदर बाजार स्थित राधाकृष्ण मंदिर से कथा स्थल कोरबा रोड तक भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी। प्रथम दिवस रविवार 31 अगस्त को भागवत महात्म्य, आत्मदेय प्रसंग व महाभारत प्रसंग से भागवत कथा का शुभारंभ होगा। दूसरे दिन सोमवार 1 सितंबर को भरत चरित्र, कपिल गीता व शिवसती चरित्र, मंगलवर 2 सितंबर को जड़ भरत कथा, अजामिल प्रसंग व प्रहलाद, नृसिंह अवतार, बुधवार 3 सितंबर को गजेन्द्र मोक्ष, समुंद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीराम कथा तथा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, गुरुवार 4 सितंबर को श्रीकृष्ण बाललीला, मथुरा गमन, कंस वध तथा श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाह उत्सव, शुक्रवार 5 सितंबर को भगवान श्रीकृष्ण के अन्य विवाह, राजसूय यज्ञ व सुदामा चरित्र के पश्चात शनिवार 6 सितंबर को भागवत समापन व पूर्णाहूति कार्यक्रम सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक तथा उद्धव गीता, भगवान का स्वधाम गमन और परीक्षित मोक्ष की कथा होगी। 6 सितंबर को ही भागवत कथा ज्ञान यज्ञ पर विराम लगेगा और हवन के साथ पूर्णाहूति होगी। कथा आयोजक अग्रवाल परिवार ने नगरवासियों से 31 अगस्त से कोरबा रोड स्थित निवास पर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 3.30 बजे से सायं 7 बजे तक है। इसके पूर्व पं. विजयशंकर मेहता के नगर आगमन पर उनका भव्य एवं आत्मीय स्वागत आयोजक अग्रवाल परिवार सहित नगरवासियों द्वारा किया जाएगा।



- विश्व विख्यात श्रीमद् भागवत कथा प्रवक्ता व जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजयशंकर मेहता का मिलेगा सानिध्य

## छग चेम्बर ऑफ कामर्स ने किया विदेशी उत्पादों का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

छ.ग. चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज की स्थानीय इकाई द्वारा गत दिवस लायंस चौक में सायं 5 बजे से एक कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों से विदेशी उत्पादों का बहिष्कार करने की अपील की। इस दौरान राहगीरों को पम्पलेट्स का वितरण कर विदेशी एवं देशी उत्पादों की सूची सौंपी गई।

**खास बात**

- राहगीरों को किया पम्पलेट्स का वितरण

इस मौके पर चेम्बर ने लोगों से अपील की कि वे अपने दैनिक उपयोग की वस्तुओं में देशी उत्पादों का ही चयन करें। साथ ही विदेशी कंपनियों द्वारा उत्पादित सामग्रियों का बहिष्कार करें। चेम्बर ने लोगों को प्रिंटेड पम्पलेट्स का वितरण कर उन्हें इलेक्ट्रानिक, जूते-चप्पल, दो पहिया-चार पहिया वाहन, लेखन सामग्री के संबंध में देशी और विदेशी उत्पादों की जानकारी दी गई। करीब एक घंटे तक चले कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रुप से सुनील साधवानी, राम वल्लभ सोनी, संतोष सिंह जब्बल, अंकित मोदी, सलीम मेमन, प्रकाश अग्रवाल, सुनील सोनी, अनुपम सोनी, आदित्य शर्मा, मिर्जा समद बेग, राज अग्रवाल, विजेन्द्र ि संह जब्बल, विशाल केडिया, रितेश शर्मा, कौशल अग्रवाल, नागेन्द्र गुप्ता, मनोज विरानी, विक्की मनवानी तथा सुनील मनवानी के अलावा बड़ी संख्या में चेम्बर के सदस्यगण और नागरिकगण मौजूद थे।




पम्पलेट्स लेकर उत्पादों का बहिष्कार करते चेम्बर आफ कामर्स के पदाधिकारी।

#### ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम

## कृषि और पशुपालन क्षेत्र में कड़ी के रूप काम करेंगी बिहान की दीदियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक पंचायतो में चयनित क़ृषि सखी और पशु सखी दीदियां महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में भूमिका निभाएंगी और केंद्र और राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य को लेकर कृषि उद्यमी की प्रशिक्षण आवश्यक है।

उक्त बातें भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर में आयोजित कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारम्भ करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ के डी महंत ने ब्यक्त कहीं। संस्थान के निदेशक लक्ष्मीनारायण सिंकू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की 18 से 45 साल आयु के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के बेरोजगार युवक युवतियाँ तथा बिहान की महिलाओ के लिए कई प्रकार की निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में स्थानीय जिले के अलावा सक्ति जिले के 35 क़ृषि और पशु सखी दीदियां को शामिल किया गया है। इस मौके पर क़ृषि विज्ञान केंद्र के कीट वैज्ञानिक डॉ रंजीत मोदी, फेकेल्टी अरुण पाण्डेय, मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव, योगेश यादव, किशन रजक, चंद्र प्रकाश गढ़ेवाल, बंशीलाल यादव, दाताराम कश्यप उपस्थित रहें।




कृषि व पशु सखी को जानकारी देते वैज्ञानिक।

